हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 13 नवम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 प्रशासन सख्तः केल्हारी में 475 बोरी धान जब्त



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
-D.Ed. B.Ed. B.Ed.
(Part Time 3 Yrs)
-B.Ed + M.Ed
(Integ. 3 Yrs)
-B.A + B.Ed
(Integ. 4 Yrs)
-B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सटेंशन रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# धार्मिक स्थलों का सम्मान बनाए रखें, न बनने दें पिकनिक स्पॉट : पुष्पेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ मां महामाया मंदिर का किया दर्शन

प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ बुधवार को प्रातः हाथी पखना स्थित गणपति धाम पहुंचे एवं भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की सफलता कामना की।

इस दौरान कुलश्रेष्ठ ने कहा कि गणपति स्थापना समिति का यह प्रयास सराहनीय है। हमारे जितने भी आस्था के केंद्र है वे धीरे-धीरे पिकनिक स्पॉट में बदलते जा रहे हैं। हमें इन धार्मिक स्थलों की मान-मर्यादा का ध्यान रखना होगा और इन्हे आस्था के पवित्र केंद्र के रूप में बनाए रखना होगा। उन्होंने युवाओं से कहा कि आज का युवा संचार क्रांति काल में जन्मा हैं जहां हर प्रश्न का उत्तर उपलब्ध है लेकिन हमें यह समझना होगा कि हम कौन हैं हमारी सभ्यता, परंपराएं, मान्यताएं और आस्थाएं क्या हैं तथा उनमें हमारी भूमिका क्या है। उन्होने कथा वाचकों से भी आग्रह किया कि वे रामकथा की शुद्धता और पवित्रता को बनाए रखें ताकि सनातन परंपरा की गरिमा अक्षुण्ण बनी रहे। गणपति धाम दर्शन के उपरांत श्री कुलश्रेष्ठ महामाया मंदिर पहुंचे एवं मां महामाया का दर्शन किया। महामाया मंदिर में मत्था टेकने के बाद वे सरस्वती शिशु मंदिर महाविद्यालय पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। तत्पश्चात उन्होंने सर्किट हाउस में शहर के प्रबुद्धजनों से भेंट की। इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया, अरूणा सिंह, निलेश सिंह, जितेंद्र सोनी, सचिन अग्रवाल, भूपेंद्र सिंह, रवि विश्वकर्मा, सत्यक साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## शहर में आज यूनिटी मार्च, 11 किमी की होगी पदयात्रा

**अम्बिकापुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में 13 नवंबर को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय एकता मार्च पदयात्रा (यूनिटी मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य एकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और ग्राम विकास के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। यह पदयात्रा कुल 11 किलोमीटर की होगी। यात्रा राम मंदिर अम्बिकापुर से प्रारंभ होकर मल्टीपरपज स्कूल एवं शासकीय विद्यालय असोला होते हुए परसा में संपन्न होगी। जिसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, विद्यार्थी, और आमजन शामिल होंगे। यह यात्रा प्रातः 9 बजे राम मंदिर (पुराना बस स्टैंड) अंबिकापुर के प्रांगण से प्रारंभ होगी। यात्रा प्रातः 10.30 बजे मल्टीपरपज स्कूल अंबिकापुर पहुंचेगी, जहां विद्यार्थियों की जनसभा आयोजित होगी। इसके पश्चात दोपहर 12.40 बजे शंकर घाट पहुंचकर शिव मंदिर दर्शन एवं स्वच्छता कार्यक्रम किया जाएगा। दोपहर 1.30 बजे शासकीय माध्यमिक शाला असोला में जनसभा, स्वच्छता एवं सांस्कृतिक आयोजन होंगे। सायं 4.30 बजे परसा मोड़ धान कटाई, सायं 5:10 बजे शिवमंदिर परसा में स्वच्छता कार्यक्रम एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके पश्चात शासकीय मध्यमिल शाला परसा में जनसभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पदयात्रा समाप्त होगी। यूनिटी मार्च के लिए जिला प्रशासन ने अपनी ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। इस मार्च में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ ही आम नागरिक शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### युवा रत्न सम्मान हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण सरगुजा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने वर्ष 2025-26 हेतु छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं एवं संस्थाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह सम्मान युवा प्रतिभाओं को पहचान देने, प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस सम्मान के माध्यम से राज्य शासन समाज, शिक्षा, खेल, विज्ञान, संस्कृति, मीडिया, पर्यावरण, महिला-बाल विकास सहित 14 क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। वेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य। आयु सीमा 15 से 29 वर्ष कृ 1 अप्रैल को न्यूनतम 15 वर्ष पूर्ण एवं 31 मार्च को अधिकतम 29 वर्ष से कम आयु निर्धारित है। संगठन छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1973 के तहत पंजीकृत होना चाहिए। संगठन के पास स्पष्ट नियमावली, मार्गदर्शिका एवं शक्तियों/कर्तव्यों के साथ वैध प्रबंध निकाय होना आवश्यक। इच्छुक व्यक्ति और संगठन 30 नवंबर शाम 5 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, कलेक्टोरेट परिसर, अंबिकापुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

### चोरों ने इन्द्र वाटिका के समीप पार की बाइक

**अम्बिकापुर।** एल्युमिनियम खिड़की व दरवाजा बनाने का करने वाला शिव शर्मा आ. स्व. लालदेव शर्मा गत दिन सुबह 9 बजे इंद्र वाटिका के समीप दरवाजा का नाप लेने बाइक से गया था। युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 डीवी 6863 को इंद्र वाटिका के पास खड़ा कर नाप लेने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चालक ने पहले मारी टक्कर फिर की मारपीट

**अम्बिकापुर।** बिलासपुर मोपका निवासी रूद्र गोस्वामी आ. केवल गोस्वामी (34 वर्ष) बीती रात कार क्रमांक सीजी 07 एजेड 8899 से बिलासपुर से अंबिकापुर आ रहा था। जैसे ही कार सवार भिट्ठीकला राइस मिल के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्रमांक सीजी 05 आर 3745 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इसी बीच कार चालक उतर कर गाली गलौज करते हुए रूद्र गोस्वामी की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई।

## पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला ननि के स्कूल भवन की हालत जर्जर

# एक फीट सामने की ओर झुक गया भवन, खिड़की में लगा ग्रिल टेढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
■ हरपल मंडरा रहा खतरा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला नगर पालिका निगम का भवन खतरे को न्यौता दे रहा है। बिल्डिंग लगभग एक फीट सामने की ओर झुक गई है, भवन की खिड़कियों और दरवाजे पर लगे लोहे के ग्रिल मुड गए है। आलम यह है कि भवन कभी भी धराशाई हो सकता है लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि लगातार शिकायतों के बाद भी भवन के मजबूती की जांच के साथ ही मरम्मत व सुधार हेतु कोई पहल नहीं की गई है। ऐसे में यदि भविष्य में कोई घटना हुई तो शहर को एक भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।


बता दें कि ननि के अधीन संचालित पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला नगर पालिक निगम का भवन जर्जर हो चुका है। इस भवन का निर्माण वर्ष 2004 में किया गया था। भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने किया था और निर्माण के बाद इस भवन में नगर निगम स्कूल की कक्षाएं संचालित हो रही थी। इसके साथ ही हाल ही में केंद्र शासन द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना के तहत इस भवन को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री विद्यालय के लिए प्रदान कर दिया गया और अब इस भवन में पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला की कक्षाएं हो रही है लेकिन बड़ी बात यह है कि ननि के अधीन संचालित इस स्कूल भवन की बिल्डिंग की स्थिति बेहद खतरनाक हो चुकी है। बिल्डिंग सामने की ओर एक फीट दब गया है जिससे भवन सामने की ओर झुक गई है। इसके साथ ही भवन अंदर की ओर से भी जर्जर हो चुका है। भवन की खतरनाक स्थिति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि भवन के सामने मौजूद गेट और खिड़कियों पर लगे लोहे के ग्रिल भी मुड गए है। मुड़े हुए ग्रिल को आसानी से देखा जा सकता है। इस भवन में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में बच्चे पढाई करते है और हरपल इन बच्चों पर खतरा मंडराते रहता है। यदि समय रहते इस भवन को लेकर ध्यान नहीं दिया गया तो कभीं भी किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।



पीएम श्री नगर पालिक निगम स्कूल भवन।

**सड़कर टूट गए कालम के छड़**

बताया जा रहा है कि बिल्डिंग की हालत काफी नाजुक है। बिल्डिंग के कालम में लगे छड़ जर्जर होकर टूट गए है और भवन कंक्रीट पर खड़ा है। भवन के सामने के हिस्से को पीएम श्री स्कूल बनने के बाद अधिकारियों ने रंग रोगन और हल्के फुल्के मरम्मत के साथ चमका दिया। इस मरम्मत के कारण भवन में हुए नुकसान को भी सामने से दबा दिया गया है लेकिन भवन के पीछे का हिस्सा साफ नजर आ रहा है और इससे भवन की स्थिति का अंदाजा स्वयं ही लगाया जा सकता है। वहीं जर्जर भवन के नुकसान का आंकलन कर पता लगाने कि भवन उपयोग लायक है भी या नहीं नगर निगम ने फिर से इसमें मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति शुरू कर दी है।



**शिकायतों के बाद भी पहल नहीं**


सबसे बड़ी बात यह है कि पीएम श्री शासकीय विद्यालय भवन के जर्जर होने की सूचना वार्डवासियों और समाज सेवी संस्थाओं ने नगर निगम को दी थी। इसके साथ ही वार्ड पार्षद मेराज रंगरेज व अन्य लोगों ने सुशासन तिहार में भी आवेदन लगाया था लेकिन इसके बाद भी इस भवन के मरम्मत को लेकर कोई पहल नहीं हुई। हाल ही में नगर निगम की सामान्य सभा में भी पार्षद ने इस मुद्दे को उठाया। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायतों के बाद भी नगर निगम की ओर से कोई पहल नहीं हुई। निगम अधिकारियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी लोनिवि थी और उन्हें पत्र लिखा गया है लेकिन लोक निर्माण विभाग की ओर से अब तक भवन की जांच नहीं की गई।

**नहीं कर रहे सुनवाई**

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला नगर पालिका निगम का भवन काफी जर्जर हो चुका है। बिल्डिंग लगभग एक फीट सामने की ओर झुक गई है। बिल्डिंग के कालम का छड़ टूट गया है। भवन नगर निगम के अधिक है। वार्डवासियों ने सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया था लेकिन फिर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यदि भविष्य में कोई घटना होती है तो अधिकारी सिर्फ जांच कार्रवाई करते रह जाएंगे।
मेराज रंगरेज
वार्ड पार्षद

**लिखा गया है पत्र**

भवन के जर्जर होने की शिकायत मिली है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग है इसलिए उन्हें लिखा गया है कि भवन टेढ़ा हो रहा है। लोनिवि ही इसकी जांच कर रिपोर्ट देगी। रिपोर्ट आने के बाद कलेक्टर से पत्राचार किया जाएगा।
-डीएन कश्यप, कमिश्नर



# अनियंत्रित कोयला लोड ट्रेलर दुकान में घुसा, बाल बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

■ एनएच पर आवागमन हुआ प्रभावित, लोगों ने किया प्रदर्शन

बुधवार को एनएच 130 पर कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे दुकान में घुस कर पलट गया। इस घटना के बाद एनएच पर हड़कंप मच गया। इस दुर्घटना में सिर्फ एक बच्चे को मामूली चोट आई। इधर घटना के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर चक्का जाम कर दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कामकाज प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाइश देकर मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह 9 बजे तेज रफ्तार कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीएम 7002 अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक कोयला लोड ट्रेलर लेकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। इस दौरान डांडगांव में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और विपरीत दिशा में ट्रेलर आइसक्रीम और श्रृंगार दुकान के शेड को तोड़ते हुए दुकान में घुस गया और पलट गया। गनीमत रही कि ठण्ड के कारण सुबह सड़क व दुकान पर लोगों की भीड़ नहीं थी जबकि दुकान मालिक भी मौजूद नहीं था। इस घटना के बाद दुकान व सड़क पर कोयला बिखर गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस हादसे में एक 13 वर्षीय छात्र ट्रेलर की चपेट में आकर छात्र घायल हो गया। प्रेमनगर निवासी छात्र बस से उतारकर अपने हास्टल जा रहा था। दुर्घटना में घायल बच्चे को आनन फानन में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के वक्त चालक शराब के नशे में था। इधर इस घटना के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा। लोगों ने एनएच पर चक्का जाम कर दिया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई। लोगों की मांग थी की प्रभावितों को मुआवजा देने के साथ ही सड़क पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण किया जाए। इस घटना की सूचना मिलने मौके पर थाना प्रभारी शशिर कांत सिंह, आभास मिंज तहसीलदार, विकास जिंदल नायब तहसीलदार आकाश गौतम, विकास सोंनपकर राजस्व निरीक्षक दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाईस देने के साथ ही आदोलन समाप्त कराया। इस दौरान दोपहर 12 बजे तक ट्रेलर को सड़क से हटा कर किनारे किया गया और बड़े वाहनों का संचालन शुरू हो पाया।

**मौके पर पहुंचे मंत्री**

इधर घटना की सूचना मिलने के बाद प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना का जायजा लेने के साथ ही ग्रामीणों के मांग पर स्पीड ब्रेकर बनाने सहित नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



## 6 नवम्बर से काम काज था ठप, वर्तमान स्थल पर ही भवन निर्माण का मिला आश्वासन

# चीफ जस्टिस के आश्वासन पर अधिवक्ता संघ की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के बाद एक सप्ताह से चल रही अधिवक्ता संघ की हड़ताल समाप्त हो गई। जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का निर्माण वर्तमान स्थल पर ही कराए जाने को लेकर चीफ जस्टिस के आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल खत्म किया है। हड़ताल समाप्त होने के बाद अब गुरुवार से न्यायालयीन काम काज सामान्य हो जाएगा। हालांकि संघ ने चेतावनी दी है कि यदि 15 से 20 दिनों के भीतर गुलाब कॉलोनी को खाली कराने के साथ ही अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण नहीं की जाती है तो फिर से हड़ताल किया जाएगा जो उग्र होगा।



बता दें कि जिला एवं सत्र न्यायालय के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि चयन को लेकर लम्बे समय से जिला अधिवक्ता संघ और जिला प्रशासन के बीच विवाद चल रहा था। कलेक्टर ने नवीन भवन निर्माण के लिए पूर्व में कई विवादित भूमियों का आबंटन किया गया और अंततः शहर से दूर ग्राम पंचायत चठिरमा में जिला एवं सत्र न्यायालय भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटित कर दी गई थी जिसे लेकर अधिवक्ता संघ नाराज चल रहा था। लगातार चरणबद्ध आंदोलन, काम बंद करने के बाद भी कोई बात नहीं बनी तो जिला अधिवक्ता संघ व संघर्ष समिति ने 6 नवंबर को शहर में जन समर्थन रैली निकाली थी जिसके बाद काम काज प्रभावित हो गया जबकि 7 नवम्बर से संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा आकर दी। इस हड़ताल से काम काज प्रभावित हो गया। न्यायालयीन काम काज ठप होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस दौरान संघ ने मांगों को लेकर सीएम से भी मुलाकात की थी। इस बीच 12 नवंबर को हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष से बात की है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी बताया कि चीफ जस्टिस ने आश्वासन दिया है कि भवन का निर्माण वर्तमान स्थल पर ही किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर से भी बात करके गुलाब कॉलोनी को खाली कराने के निर्देश दिए है। संघ ने कहा है कि आगामी दिनों में न्यायालय भवन निर्माण की दिशा में होने वाली प्रत्येक प्रगति पर संघ की संघर्ष समिति सतत निगरानी रखेगी तथा यदि आवश्यकता पड़ी तो पुनः आंदोलन प्रारंभ करने से भी परहेज नहीं किया जाएगा।

# ट्रक चालक से मारपीट कर 2 सौ लीटर डीजल ले गए युवक

**अम्बिकापुर।** ट्रक से डीजल चोरी करने आए युवकों ने चालक के साथ न सिर्फ मारपीट किया बल्कि उसके सामने से ही टंकी से 2 सौ लीटर डीजल निकाल कर फरार हो गए। पीड़ित चालक ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने युवकों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार छावनी भिलाई वार्ड क्रमांक 40 निवासी अबोध कुमार सिंह आ. आत्मानंद सिंह 9 नवम्बर को भिलाई स्थित सीमेंट कंपनी से ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 में सीमेंट लोड कराकर अंबिकापुर पहुंचाने निकला था। दूसरे दिन चालक नमना कला रिंग रोड स्थित दुकान में पहुंचा। जहां सीमेंट को खाली कराने के पश्चात रात को प्रोपराइटर के कहने पर ट्रक को दुकान के सामने खड़ा कर वाहन में सो गया। तड़के लगभग 3 बजे तीन युवक पहुंचे और ट्रक के डीजल टंकी में पाइप डालकर डीजल निकालने लगे। इसी बीच आवाज आने पर चालक मिरर से देखा तो युवक डीजल निकालते नजर आए। चालक ने वाहन से उतर कर मना किया तो दो युवक उसके चेहरा में कपड़ा बांधकर रखे थे साथ ही मारपीट करने के पश्चात टंकी से 18 हजार से अधिक कीमत के 2 सौ लीटर डीजल निकाल कर कार से फरार हो गए।

रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप



### विशेष बालक गृह के बच्चों को व्यक्तित्व विकास करने किया गया प्रेरित

**अम्बिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केन्द्र द्वारा एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो एवं समाजसेविका सुश्री वंदना दत्ता की उपस्थिति में विशेष बालक गृह में व्यक्तित्व विकास के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने अभियान के गतिविधियों की जानकारी दी। संगठनों द्वारा स्वैच्छिक रूप से जवाबदेही के साथ संचालित यह अभियान एक अभिनव पहल है। मुख्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ढिल्लों ने कहा कि बीती बातों को भूलकर आप समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर स्वयं परिवार, समाज एवं देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। किशोरों को आपराधिक प्रवृत्तियों से दूर रहने के लिए जागरूक करना आप सभी का नैतिक दायित्व है। यातायात उपनिरीक्षक अभय तिवारी ने यातायात के प्रावधानों व सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। संयोजक मंगल पाण्डेय ने बालकों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया तथा नशे के कारणों, विभिन्न प्रकारों एवं दुष्प्रभाव के बारे में बताया। सुश्री वंदना दत्ता ने कहा कि आज की सीखों को आप आत्मसात कर भविष्य में एक बेहतर एवं जिम्मेदार नागरिक बनें। परामर्शदाता श्रीमती हिना खान एवं श्रीमती सुनिधि शुक्ला ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान अधीक्षक नीतू राम कुशवाहा, सुमेश्वर सिंह, रामेश्वरी राजवाड़े सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय समिति पुनर्गठित

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जारी आदेशानुसार जिले के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियम) के जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें अपर कलेक्टर सुनिल कुमार नायक को अध्यक्ष, आजाक थाना अंबिकापुर के उप पुलिस अधीक्षक को पदेन सदस्य, सहा. प्राध्यापिका श्रीमती ममता कुर्रे को अनुसूचित जाति सदस्य, सहायक सांख्यिकी अधिकारी संतोष कुमार कंवर को अनुसूचित जनजाति सदस्य, परियोजना अधिकारी (साक्षरता) गिरीश गुप्ता को अन्य पिछड़ा वर्ग सदस्य एवं आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को पदेन सदस्य सचिव मनोनित किया गया है।

## निधन

### शांति देवी



**बिश्रामपुर।** हॉस्पिटल कॉलोनी बिश्रामपुर निवासी शांति देवी सिंह का मंगलवार को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थीं। स्थानीय रिंहद नदी स्थित मुक्तिधाम में बुधवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। शांति देवी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सूरजपुर में पदस्थ प्रधान आरक्षक विकास सिंह की माता थीं।

### एसडीएम ने की कार्रवाई

# प्रशासन सख्त: केल्हारी में 475 बोरी धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

प्रशासन द्वारा अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसडीएम केल्हारी श्रीमती इंद्रा मिश्रा के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की गई। इसी तरह अन्य स्थानों पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई में कुल 475 बोरी धान जब्त किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार डोडकी धान खरीदी केन्द्र के पास झोपड़ी में रखे हुए 74 बोरी कोचिये का धान जब्त किया गया। इसी तरह डोडकी तिराहा के पास एक झोपड़ी में अवैध रूप से रखा गया 28 बोरी धान तथा एक वेटिंग मशीन (तौल कांटा) भी जब्त की गई। वहीं आरके ट्रेडिंग चारवाही से 170 बोरी पुराना धान जब्त किया गया। एसडीएम केल्हारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन, खाद्य विभाग और राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त धान बिना वैध दस्तावेजों के संग्रहित किया गया था तथा खरीदी केन्द्र के आसपास अनुचित तरीके से रखा गया था।



जब्त धान।

टीम ने मौके से धान को जब्त कर पंचनामा तैयार किया और संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ की। एसडीएम केल्हारी श्रीमती इंद्रा मिश्रा ने बताया कि सरकारी धान खरीदी शुरू होने से पहले किसी भी प्रकार की अवैध खरीदी-बिक्री, भंडारण या परिवहन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि किसी भी स्तर पर अवैध धान खरीदी या भंडारण न हो सके।

### नवजात शिशु का शव मिलने से अंचल में फैली सनसनी

**बैकुंठपुर।** शहर से निकलने वाली मुख्य मार्ग पर ओड़गी नाका के आगे तलवापारा में 12 नवंबर को अज्ञात नवजात शिशु का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई और कुछ देर तक लोगों की भीट जुटी रही। इस बीच पुलिस को सूचना दी गई, तब तत्काल मौके पर सिटी कोतवाली प्रभारी विपिन लकड़ा और जिला बाल संरक्षण अधिकारी की टीम पहुंची और पंचनामा कार्रवाई उपरांत नवजात शिशु के शव को अपने कब्जे में लिया। फिलहाल नवजात शिशु किसका है और कौन मुख्य मार्ग किनारे फेंक कर चला गया इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई। मामले की जांच में कोतवाली पुलिस जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ओड़गी नाका के आगे मुख्य मार्ग किनारे एक नवजात शिशु का शव दिखाई दी, इसके बाद लोगों की भीड़ बढ़ने लगी और पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर अपनी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण की। मृत नवजात बालक है, इसे किसने और कब सड़क किनारे फेक कर चला गया ,इसकी जानकारी पुलिस जुटाने में जुट गई है। प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को कोई स्पष्ट जानकारी हासिल नहीं हुई, इसके बाद पुलिस मामले को जांच में लेकर जांच में जुट गई है।



## उलिया जलाशय जीर्णोद्धार कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

विकासखंड अंतर्गत स्थित उलिया जलाशय के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन क्षेत्र की विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने किया। यह परियोजना लगभग 2 करोड़ 26 लाख 46 हजार रुपये की लागत से पूरी की जाएगी। इस अवसर पर राजपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विधायक पैकरा ने कहा कि उलिया जलाशय के सुधार कार्य से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। जलाशय के जीर्णोद्धार से सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास और कृषि उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधायक पैकरा ने जलाशय जीर्णोद्धार कार्य के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश अधिकारियों को दिया।

जनपद अध्यक्ष विनय भगत ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी। उन्होंने बताया कि कार्य पूर्ण होने पर सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव, संतोष पांडेय, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत सिंह, सुनील गुप्ता, सरपंच, ग्रामीण तथा सिंचाई विभाग के एसडीओ महेंद्र सांडिल्य एवं इंजीनियर उपस्थित थे।

## चोरों को पकड़ने पर सर्राफा एसोसिएशन ने पुलिस की टीम को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- धनंजय ज्वेलर्स में हुई चोरी का एक सप्ताह के भीतर हुआ पर्दाफाश



जेवर दुकान में हुई चोरी के शातिर आरोपियों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार करने के साथ ही 50 लाख रुपए से अधिक का मशरूका बरामद करने के बाद सर्राफा एसोसिएशन ने थाना प्रभारी सहित जांच में शामिल पुलिस टीम को सम्मानित किया। एसोसिएशन ने पुष्पमाला व मिठाई के साथ पुलिसकर्मियों का अभिवादन किया।

बता दें कि नगर के दहेजवार चौक पर स्थित धनंजय ज्वेलर्स में हुई लाखों रुपए के जेवर व नगदी की चोरी के बाद क्षेत्र के व्यवसायियों में दहशत का माहौल था। सर्राफा एसोसिएशन ने इस रात्रि गश्त बढाने के साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। इस दौरान पुलिस ने एक सप्ताह के अंदर आरोपियों की गिरफ्तारी का समय दिया था। पुलिस के सप्ताह के अंत में ही 6 में से 5 चोर, दो खरीददार और 2 बिचौलिए समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही 50 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया था। ऐसे में सर्राफा एसोसिएशन बलरामपुर के अध्यक्ष रोशन लालमणि के नेतृत्व में थाना प्रभारी भापेंद्र साहू एवं उनकी टीम को पुष्प माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष रोशन लालमणि ने कहा कि पुलिस प्रशासन से निवेदन किया गया की दोबारा इस प्रकार की घटनाएं न हो इसके लिए दिन के साथ-साथ रात्रि में भी चौक चौराहों पर सिपाहियों की तैनाती कराई जाए एवं रात्रि अगस्त को भी बढ़ाई जाए। जल्द ही हमारा संगठन जिले एवं राज्य स्तर से प्रशस्ति पत्र के साथ पुलिस प्रशासन एवं पूरी टीम को आभार प्रेषित करेगी। जिला प्रमुख राजेश सोनी ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर चोर गिरोह का पकड़ा जाना एवं इनका पर्दाफाश होना गौरवान्वित करने वाला क्षण है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रंजन सोनी, कोषाध्यक्ष प्रवीण सोनी, संरक्षक सदस्य दीपक कुमार, सहसचिव श्रवण सोनी, विवेक सोनी, राजू सोनी, धनंजय सोनी, अजय सोनी, देवाशीष माना सहित अन्य मौजूद थे।

### लूटकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास, एसोसिएशन ने आईजी को किया सम्मानित



**अंबिकापुर।** रामानुजगंज के राजेश ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हथियार के दम पर हुई डकैती और मारपीट के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन, सरगुजा स्वर्णकार अमाज और सर्राफा एसोसिएशन ने आईजी दीपक कुमार झा से मुलाकात कर पुलिस विभाग को सम्मानित किया। बता दें कि सितंबर 2024 में हथियारबंद डकैतों ने रामानुजगंज के राजेश ज्वेलर्स में हथियारबंद लोगों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही लूट का सामान बरामद किया था। इस मामले में न्यायालय ने 14 माह में ही आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी है। उक्त डकैती कांड में तत्काल मिले न्याय से समस्त स्वर्णकार समाज में अत्यंत हर्ष का माहौल है। इसी तत्वाधान में स्वर्णकार वेलफेयर छत्तीसगढ़, सरगुजा स्वर्णकार समाज एवं सराफा एसोसिएशन सरगुजा के पदाधिकारियों द्वारा आईजी दीपक कुमार झा से मिलकर बलरामपुर पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना की गई तथा साल श्रीफल से सम्मानित कर आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान स्वर्णकार वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. डीके सोनी, उपाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, सरगुजा स्वर्णकार समाज के सचिव निलेश सोनी, उपाध्यक्ष गोप सोनी, शालिग्राम सोनी, दीपक सोनी, नवनीत सोनी, तथा सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश सोनी, हरिओम, हैप्पी सोनी, राजेश सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नाली के गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर साफ करने की योजना फेल

**डोमनहिल।** चिरमिरी क्षेत्र के गोदरीपारा, हल्दीबाड़ी के एनसीपीएच कॉलरी एवं चिरमिरी कॉलरी बरतुंगा के कोठारी में कॉलोनियों से निकलने वाले गंदे पानी को ट्रीटमेंट कर, साफ पानी बनाने के लिए लगभग 12 करोड़ खर्च कर स्थापित किए गए तीनों एसबीआर सिस्टम पूरी तरह से फेल हैं। प्लांट देखने या जांच पड़ताल करने आने वालों उच्चाधिकारियों को दिखाने के लिए बोर के साफ पानी से संचालित पानी के कृत्रिम बहाव को ही दिखाया जाता है। इस बात को लेकर चिरमिरी के पूर्व महापौर और जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष के. डोमरू रेड्डी ने कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर जिला कलेक्टर से जनदर्शन में मुलाकात कर फर्जीवाड़ा कर धोखेबाजी करने वाले इस योजना पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## जर्जर स्कूल भवन को डिस्मेंटल कराने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- बूढ़ाबगीचा स्थित स्कूल के कभी भी गिरने की संभावना
- दो कमरे बेहद जर्जर



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर के जर्जर भवन को विघटित करने की मांग को लेकर भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद सुनील गुप्ता ने बुधवार को एसडीएम राजपुर को ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा स्थित इस विद्यालय के दो कमरे अत्यंत जर्जर अवस्था में हैं, जो कभी भी गिर सकते हैं। इससे छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। भाजपा नेता गुप्ता ने बताया कि भवन की दीवारें और छतें काफी कमजोर हो चुकी हैं। बरसात या हल्के झटके से भी इनके गिरने की आशंका बनी हुई है। ऐसी स्थिति में किसी अप्रिय घटना से पहले ही प्रशासन को तत्काल कार्रवाई कर भवन को डिस्मेंटल (विघटित) कराना आवश्यक है। उन्होंने एसडीएम से अनुरोध किया कि संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए विद्यालय भवन का परीक्षण कराकर जल्द से जल्द जर्जर हिस्से को ध्वस्त किया जाए ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**रजिस्ट्री की मूल प्रति गुम होने की सूचना**

मैं आशीष कुमार गोयल आ. श्री सुभाषचंद्र गोयल, उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी नमनाकला, अम्बिकापुर, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं नमनाकला, अम्बिकापुर, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) का निवासी हूं तथा व्यापार का काम करता हूं। मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पलगड़ी, प.ह.नं. 15, रा.नि.मं. लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) में भूमि खसरा नं. 342, 907 कुल रकबा 4 एकड़ 16 डिसमिल भूमि स्थित है, जिसे विक्रेता अनिल चन्ने निवासी-कालीमंदिर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-14.05.2025 को क्रय किया हूं। उपरोक्त भूमि खसरा खसरा नं. 342, 907 कुल रकबा 4 एकड़ 16 डिसमिल भूमि को विक्रेता अनिल चन्ने एंव भगवान दास कश्यप द्वारा पूर्व में गौतम वगैरह, निवासी-ग्राम लहपटरा, तहसील-लखनपुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) से दिनांक-13.07.2016 को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रय किया गया था। जिसकी मूल प्रति मुझे विक्रय पत्र निष्पादन के समय सौंप दिया गया था। पूर्व में निष्पादित उपरोक्त रजिस्ट्री की मूल प्रति मेरे पास से कहीं गुम गई है, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहाहै और न ही भविष्य में मिलने की कोई सम्भावना है।

अतः उपरोक्त आशय के समर्थन में मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
आशीष कुमार गोयल
आ. श्री सुभाषचंद्र गोयल
निवासी-नमनाकला, अम्बिकापुर, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**रजिस्ट्री की मूल प्रति गुम होने की सूचना**

मैं कमल किशोर जैन आ. स्व. गुलाब राय, उम्र लगभग 45 वर्ष, निवासी हॉलीक्रास स्कूल के सामने, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं हॉलीक्रास स्कूल के सामने, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) का निवासी हूं। मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) में भूमि खसरा नं. 157/579 कुल रकबा 0.033 आर्स भूमि स्थित है, जिसे विक्रेता श्रीमती दिव्या मिश्रा पति धनंजय मिश्रा, निवासी-डी.सी.रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) एवं श्रीमती रेणु दबे पति आलोक दुबे, निवासी-ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-15/02/2023 को क्रय किया हूं। उपरोक्त भूमि खसरा नं. 157/579 कुल रकबा 0.033 आर्स भूमि को दिव्या मिश्रा पति धनंजय मिश्रा एवं श्रीमती रेणु दबे पति आलोक दुबे, द्वारा विक्रेता श्रीमती अनिता अरोड़ा पति हरमिंदर सिंह अरोड़ा से पूर्व में पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक-09.02.2015 को क्रय किया गया था। जिसकी मूल प्रति मुझे विक्रय पत्र निष्पादन के समय सौंप दिया गया था। पूर्व में निष्पादित उपरोक्त रजिस्ट्री की मूल प्रति मेरे पास से कहीं गुम गई है, जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहाहै और न ही भविष्य में मिलने की कोई सम्भावना है।

अतः उपरोक्त आशय के समर्थन में मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
कमल किशोर जैन
आ. स्व. गुलाब राय
निवासी-हॉलीक्रास स्कूल के सामने, थाना-गांधीनगर, तहसील-अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार, सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.-1567/ब-121/-------

**।। ईश्तहार।।**

आवेदक का नाम मो. युनुश पिता मो. अमीन जाति मुसलमान निवासी ग्राम महगंवा प.ह.नं...... तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने उम्हानी की मृत्यु दिनांक 7/09/1996 का मृत्यु / जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 26/11/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/11/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सूरजपुर

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 14 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 15 नवंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 09 नवम्बर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ.हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.ch (Neuro Surgery)(AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार,08 नवम्बर, 2025 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
प्रातः 10:30 से दोपहर 02:30 बजे तक
अग्रिम पंजीयन आवश्यक 07774-221101, 9407910331 9488142243, 7869917120
संजीवनी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नया बस स्टैण्ड, गोरखपथ, अम्बिकापुर

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- चेहरे या पूरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीण कुमार सिंह
डॉ. मनोज भारती
डॉ. ओम प्रकाश पंडित
डॉ. सोनल गार्डिया
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले
डॉ. नताशा शर्मा — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा
डॉ. हिमांशु गुप्ता
डॉ. संगिता भारती
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
डॉ. संदीप गुप्ता
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य — जनरल फिजिशियन
डॉ. राहुल शामकांत जाधव
डॉ. सुरभि
डॉ. आयुशी गुप्ता
डॉ. मीना राव
डॉ. हेमलता साहू

## खबर संक्षेप



### जिपं सीईओ ने इंजीनियरिंग कॉलेज को दी 26 पुस्तकें

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल ने शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग विषयक पुस्तकों का संग्रह प्रदान किया है। उल्लेखनीय है कि जिपं सीईओ ने कम्प्यूटर साइंस में बीटेक की पढ़ाई की है। उन्होंने अपने पुस्तक संग्रह में से इंजीनियरिंग संकाय से संबंधित पुस्तके कॉलेज को प्रदान की है।

### तुरना स्कूल के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिया गया फल



**अम्बिकापुर।** भूमिजा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुरना के छात्रों को पोषण हेतु फलाहार, दांतों की सफाई हेतु मंजन और फलों का रस निःशुल्क वितरित किया गया साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ की डॉ.जया अग्रवाल द्वारा छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान डॉ.अग्रवाल ने शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव की जानकारी दी तथा स्वच्छता की जानकारी दी। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष प्रीति अग्रवाल, सचिव पवन केडिया, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार अम्बष्ट आदि उपस्थित थे।

### ओपीएस के वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में चल रहे वार्षिक मिनी स्पोर्ट्स के तहत प्री-प्राइमरी विंग के विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं में नर्सरी, एलकेजी के फेच एन रन रेस में नर्सरी के अनाया पैकरा एवं अनंत प्रताप सिंह प्रथम रहे तथा एलकेजी के सरस्वती मिंज एवं मो.माहिर अंसारी यूकेजी के कलेक्ट एन स्कोर रेस में काव्या कुशवाहा एवं मानविक पैंकरा, कक्षा पहली से कंगारू रेस में प्रिशा दुबे एवं विहान पैंकरा, कक्षा दूसरी के डक रेस में आयजा खान एवं तौसिफ आलम, कक्षा तीसरी के हर्डल रेस में साजिया परवीन एवं मो.उजैर रजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईएखान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### जिले में जन्म पंजीयन पर रोक लगाने की मांग भाजपा नेता ने केबिनेट मंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** जन्म पंजीयन की बढ़ती गड़बड़ियां और एसआईआर प्रक्रिया में उसका दुरुपयोग होने के गंभीर मामले को लेकर भाजपा मण्डल शिवनंदनपुर के महामंत्री शितिकांत स्वाई ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को पत्र लिखकर फरवरी माह तक जिले में सभी जन्म पंजीयन कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है। भाजपा नेता शितिकांत स्वाईं बाबू ने पत्र में उल्लेख किया है कि सूरजपुर जिले के जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्यालय में एक विशेष समुदाय के कुछ लोगों द्वारा समग्र आईडी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का गलत फायदा उठाया जा रहा है, बाहरी क्षेत्रों के लोग जन्म पंजीयन आदेश प्राप्त कर अपने लिए नए जन्म प्रमाण पत्र बनवा रहे हैं। जिसमें वे अपने मनमुताबिक स्थाई पते का उल्लेख कर रहे हैं, यह जन्म प्रमाण पत्र बाद में एसआईआर में प्रमाणिक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस प्रकार की गतिविधि एसआईआर प्रणाली की विश्वसनीयता और प्रशासनिक पारदर्शिता पर सीधा खतरा है। उन्होंने कहा कि अगर यह सिलसिला यूं ही चलता रहा तो जिले की जनसंख्या आंकड़ों और सरकारी योजनाओं में फर्जी लाभार्थियों की संख्या में बेशुमार वृद्धि आ सकती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया राज्य शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है। जिसका उद्देश्य नागरिकों का सटीक और एकीकृत डेटा तैयार करना है, लेकिन कुछ तत्व इस प्रक्रिया को भटकाने की कोशिश कर रहे हैं,ऐसे में फरवरी तक पंजीयन को पूरी तरह रोका जाए और केवल सत्यापित मामलों को ही अनुमति मिले, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि किसी आवेदक को वास्तव में पंजीयन की आवश्यकता हो, तो ग्रामीण स्तर पर पंचनामा तैयार कर ग्रामीणों के हस्ताक्षर लिए जाएं और उसके बाद सभी गवाहों को जिला सांख्यिकी या तहसील कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर बयान देना अनिवार्य किया जाए,उन्होंने कहा कि अगर बाहर के लोग जिले में आकर अपनी सुविधा के अनुसार प्रमाण पत्र बनवाने लगेंगे, तो स्थानीय नागरिकों के अधिकार और सरकारी योजनाओं के लाभ दोनों प्रभावित होंगे,यह स्थिति जिले के सामाजिक संतुलन को भी बिगाड़ सकती है।

### बसकर मोड़ ब्लैक स्पॉट पर आए दिन होती है दुर्घटनाएं

# स्टेट हाईवे 12 बना डेंजर जोन, 10 साल में 60 हादसे, विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**

- सुरक्षा इंतज़ाम शून्य, सड़क विभाग की लापरवाही पर ग्रामीण नाराज़

एक तरफ जिले में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के प्रति लोगों को जागरूक करने शिविर सहित विभिन्न आयोजन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाओं और उससे होने वाली मौतों के लिए जिम्मदार ब्लैक स्पॉट में सुधार की दिशा में शासन प्रशासन द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। ऐसे में अब स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग पर ग्राम बसकर में बना 90 डिग्री का मोड़ अब जानलेवा ब्लैक स्पॉट बन चुका है। दृश्य बाधित होने और सड़क सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण यहां लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।

स्टेट हाइवे 12 के पटना–भैयाथान मार्ग स्थित ग्राम बसकर मोड़ अब जानलेवा साबित होने लगा है। मोड़ इतना घुमावदार है कि बाइक या चार पहिया वाहन चालक थोड़ा सा ध्यान न तो दुर्घटना होना निश्चित है। 90 डिग्री इस मोड पर पिछले 10 वर्षों में 60 से अधिक सड़क हादसे हो चुके हैं, फिर भी जिम्मेदार विभाग ने अब तक कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाया है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। इन दुर्घटनाओं के ज्यादातर मामले में भले ही रफ्तार को जिम्मेदार माना जाए परन्तु दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण निर्माण के दौरान बरती गई तकनिकी खामियां है। खतरनाक घुमाव और अंधे मोड़ है जहां चालक की थोड़ी सी चूक के कारण भी बड़ी दुर्घनाएं हुई है। सोमवार को भी एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ और रेलिंग से टकरा गया। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक को मामूली चोटें आईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सौभाग्य से बड़ा हादसा टल गया, लेकिन स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है।



मोड़ पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक।

#### नहीं है संकेतक बोर्ड

ग्राम सरपंच सुरेश सिंह ने बताया कि मोड़ पर न तो स्पीड लिमिट का संकेतक बोर्ड है और न ही चेतावनी साइन, न रात में पर्याप्त रोशनी होती है। इसके अलावा सड़क चौड़ीकरण का काम भी नहीं हुआ, जिससे जोखिम और बढ़ गया है। स्टेट हाइवे पर वाहनों की गति अधिक होती है। कोई सांकेतिक चिन्ह न होने से इन स्थानों पर वाहनों की टक्कर से दुर्घटनाएं होती है। पिछले दस साल में 60 दुर्घटनाएं हो चुकी है।

#### की गई है सुरक्षा रेलिंग सुधार की मांग

भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने बताया कि सड़क विभाग और प्रशासन से इस ब्लैक स्पॉट पर स्पीड ब्रेकर, ग्लो साइन बोर्ड, डेंजर मार्किंग और सुरक्षा रेलिंग सुधार की तत्काल मांग की गई है। मांग अनुरूप सड़क पर यह सुविधा उपलब्ध हो गई तो भविष्य में जनहानि को रोका जा सकता।

#### नहीं है ब्लैक स्पॉट

स्टेट हाइवे स्थित ग्राम बसकर मोड ब्लैक स्पॉट नहीं है। पुलिस विभाग अधिकारी और सड़क सुरक्षा समिति ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करती है। पुलिस ही दुर्घटनाओं की जानकारी दर्ज करती है। फिलहाल उक्त स्थान को दिखवाता हूं।

-ललित भोई
ईई लोक निर्माण विभाग सूरजपुर



## राजपुर क्षेत्र का बैगन मचा रहा बंगाल की मंडियों में धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- उद्यानिकी फसलों की ओर किसानों की बढ़ी रुची

किसानों ने अब पारंपरिक खेती की सीमाओं को तोड़ते हुए उद्यानिकी फसलों की ओर कदम बढ़ाया है। कभी सिर्फ रबी और खरीफ फसलों पर निर्भर रहने वाला यह क्षेत्र आज बैगन, टमाटर, खीरा और मिर्च जैसी फसलों के उत्पादन में पहचान बना चुका है। खासकर यहां का बैगन अब बंगाल के खड़गपुर मंडी में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के कारण खूब मांग में है, जिससे किसानों की आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

विकासखण्ड के ग्राम नवकी सरनापारा के प्रगतिशील किसान माधव शाह ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष तीन एकड़ भूमि में बैगन और खीरा की खेती की है। इस पर करीब 6 से 8 लाख रुपए की लागत आई लेकिन अब तक वे 20 लाख रुपए से अधिक की बिक्री कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि बंगाल के खड़गपुर मंडी से व्यापारी सीधे राजपुर पहुंचकर बैगन की खरीद कर रहे हैं और किसानों को बाजार भाव से बेहतर दर दे रहे हैं। किसान का कहना है कि उन्होंने खेती में वैज्ञानिक पद्धति अपनाई, जिससे उत्पादन और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ। उद्यानिकी खेती अब सिर्फ जीविकोपार्जन नहीं रही, बल्कि एक व्यावसायिक अवसर बन चुकी है। अगर सरकार से उचित सहयोग मिले तो यह क्षेत्र आने वाले वर्षों में प्रदेश का प्रमुख उद्यानिकी केंद्र बन सकता है। क्षेत्र में अब कई किसान बैगन, टमाटर और अन्य सब्जी फसलों की व्यावसायिक खेती की ओर अग्रसर हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं बल्कि यहां से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बड़े पैमाने पर सब्जियों का निर्यात हो रहा है। हालांकि किसानों के सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। माधव शाह ने बताया कि खुले मवेशियों (उड़ेले जानवरों) की समस्या सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। कई बार यह मवेशी रातोंरात खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं। किसानों के लिए योजनाएं चाहे जितनी आएं, लेकिन अगर उड़ेले मवेशियों की समस्या खत्म नहीं हुई तो मेहनत बेकार हो जाएगी।



## यूथ डायलॉग सीरीज में लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान

- लक्ष्य पर केंद्रित होकर पढ़ाई करने की ही सलाह

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ डायलॉग सीरीज अंतर्गत विशेष सत्र में भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता का व्याख्यान हुआ। लेफ्टिनेंट श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए अपने जीवन के अनुशासन, समर्पण और संघर्ष के अनुभव साझा किए तथा युवाओं को अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने करियर योजना, परीक्षा की तैयारी और व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा कहा कि विद्यार्थी इंटरनेट और एआई टूल्स का रचनात्मक उपयोग कर नए अवसरों की खोज करें और एक-दूसरे से सीखने की संस्कृति विकसित करें। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छे साथियों का चयन करने, टीमवर्क को बढ़ावा देने और सीखने की मानसिकता बनाए रखने की सलाह दी। लेफ्टिनेंट ऋषभ गुप्ता बतौली ब्लॉक के निवासी हैं एवं वर्तमान में भारतीय नौसेना में मुंबई में पदस्थ है। वे सैनिक स्कूल अंबिकापुर के पूर्व छात्र है। कार्यक्रम में आईक्यूएसी समन्वयक प्रो.अनिल सिन्हा, परीक्षा नियंत्रक डॉ.दीपक सिंह, लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार उपस्थित थे।

## उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में रेल, सड़क और एम्स खोलने की बहुप्रतीक्षित मांग तेज

**बिश्रामपुर।** उत्तर छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक बार फिर से जन आवाज बुलंद हुई है,सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा ने भाजपा के छत्तीसगढ़ प्रभारी नीतिन नवीन को एक पत्र भेजकर त्रिबिंदु समस्या सड़क, रेलमार्ग और स्वास्थ्य सुविधाओं के समाधान की मांग की है,पत्र में उन्होंने उल्लेख किया है कि अंबिकापुर उत्तरी छत्तीसगढ़ का हृदय स्थल है,विकास के लिए आज भी अपनी बारी का इंतजार कर रहा है,यह क्षेत्र चार राज्यों क्रमशः उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड और उड़ीसा का प्रवेश द्वार होने के बावजूद विकास की मुख्यधारा से जुड़ नहीं पाया है।

पत्र में उल्लेख है कि अंबिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना जिसे ब्रिटिश शासन के समय 1935-36 में स्वीकृति मिली थी,जो आज तक अधूरी पड़ी है,यह रेल लाइन यदि पूरी कर दी जाए तो सरगुजा संभाग देश के मुख्य रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा,परंतु अफसोस कि लगभग एक सदी बाद भी तीन पग आगे रेल पटरी नहीं बढ़ सकी,इस रेल लाइन से न केवल उत्तर छत्तीसगढ़ का औद्योगिक व व्यापारिक विकास होगा,बल्कि पंडो व कोरवा जैसी विशेष जनजातियों के क्षेत्र में भी रोजगार और संसाधनों की नई संभावनाएं खुलेंगी,उन्होंने स्वास्थ्य सुविधा की भयावह स्थिति पर भी चिंता जताते हुए उल्लेख किया है कि सरगुजा संभाग के लोग आज भी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए रायपुर,बनारस, जबलपुर या रांची जाने को मजबूर हैं,कई बार तो आर्थिक अभाव के कारण मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं,इसलिए अंबिकापुर में एम्स की स्थापना की जाए, जिससे गरीब व आदिवासी वर्ग को अपने ही संभाग में उच्चस्तरीय इलाज की सुविधा मिल सके,उन्होंने बताया कि 9 जनवरी 2024 को कंदरई में हुए प्रदेश स्तरीय बिंझिया जाति सम्मेलन में सरपंचों द्वारा मुख्यमंत्री को एम्स खुलवाने हेतु हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है,उन्होंने अंबिकापुर से हाथीनाला तक 140 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की भी मांग की है,यह सड़क बनारस-अंबिकापुर-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर-विशाखापट्टनम को जोड़ देगी, जो पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर के समान महत्व रखेगी,उन्होंने कहा कि यह परियोजना यदि अमल में आती है तो उत्तर भारत के बाजार सीधे विशाखापट्टनम बंदरगाह से जुड़ जाएंगे,इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा, बल्कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा,राष्ट्रपति के गोद पुत्र पंडोनगर में आज भी उपेक्षा का वातावरण है।वर्ष 1952 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने इसे गोद लिया था, पर आज भी उस क्षेत्र का विकास अधूरा है।

## भगवान बिरसा मुंडा की मनाई जाएगी 150वीं जयंती

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने बताया कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जयंती के अवसर पर 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाएं जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त निर्देश के परिपालन में जिले के शासकीय कार्यालयों, शासकीय संस्थानों, आश्रम, छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों आदि सेवा केन्द्रों, पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। जिसके माध्यम से जनजातीय समाज के इतिहास, संस्कृति, परंपरा और उनके योगदानों जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही 15 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, व्यंजन, हस्तशिल्प एवं विकास प्रदर्शनी तथा अनुसूचित जनजातीय वर्ग के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर आधार, प्रधानमंत्री जनधन खाता, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न लाईव स्टॉल के साथ स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का भी आयोजन किया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के विकास से जुड़े पीएम जनमन, आदि कर्म योगी, धरती आबा आदि योजना से जुड़े लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा, सफलता की कहानियां भी साझा की जाएगी, लाभार्थियों से संवाद किया जाएगा, जनजातीय प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पाती का वाचन भी किया जाएगा। 15 नवंबर को प्रभात फेरी जन जागरूकता यात्रा, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## नवाचार के लिए करवां ने शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में प्राप्त किया स्थान

**करवां।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा में नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनएच गोयल वर्ल्ड स्कूल, रायपुर में इसरो विक्रम साराभाई स्पेस साइंस एग्जीबिशन एवं राष्ट्रीय शिक्षक विज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा जगत और वैज्ञानिक नवाचार का प्रतीक बना। कार्यक्रम की रूपरेखा विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मीरा सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता सतीश कुमार भारद्वाज और राजेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में किए जा रहे नवीन प्रयोगों और शैक्षणिक नवाचारों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। विद्यालय द्वारा प्रस्तुत इन नवाचारों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे इन प्रयासों के लिए विद्यालय को देश के 75 चयनित विद्यालयों में शीर्ष तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में स्थान प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हुई है। सम्मेलन के दौरान शिक्षकों ने इसरो के वैज्ञानिकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया और उपग्रह की संरचना, रॉकेट प्रक्षेपण की प्रक्रिया तथा अंतरिक्ष में उपग्रहों की कार्य प्रणाली से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों के अनुभव और मार्गदर्शन से शिक्षकों को विज्ञान शिक्षण के नए आयामों की समझ मिली। विद्यालय की यह उपलब्धि आने वाले समय में छात्रों के लिए प्रेरक उदाहरण बनेगी। इससे विद्यार्थियों में विज्ञान, शोध और नवाचार के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे देश के वैज्ञानिक विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे।




### एसआईआर के लिए ग्राम स्तर पर किया गया निरीक्षण

**सलका अघिना।** भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा डोर-टू-डोर एसआईआर गहन पुनर्निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया एवं भटगांव तहसीलदार निलीमा लकड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें गड़ना पत्रक भरने की अंतिम तिथि जो 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक है। इस दौरान बीएलओ को घर घर जाकर गणना पत्रक बांटना है गणना पत्रक में मतदाता अपनी जानकारी भरकर बीएलओ को वापस करेंगे जिसका तहसील स्तर पर सत्यापन होना है। भैयाथान तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने निर्धारित तिथि तक सख्त हिदायत देकर कार्य को पूरा करने को कहा। इस दौरान भाग संख्या 183 सलका 2 के बीएलो अन्नपूर्णा गुप्ता, पटवारी अर्चना निरंकारी, मितानीन फुलकुमारी राजवाडे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

- शंकरगढ़ की खिलाड़ियों का किया गया स्वागत

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जिला बालोद में 7 से 11 नवम्बर तक किया गया। प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग की टीम भी सम्मिलित हुई। सरगुजा संभाग की टीम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़ के पांच छात्रों ने हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम को राज्य स्तर पर दूसरा स्थान दिलाया । गत दिन प्रतियोगिता में शामिल सभी छात्राएं अपने विद्यालय वापस पहुंची जिस पर विद्यालय परिवार द्वारा आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। संस्था के प्राचार्य ओम प्रकाश सोनवानी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ विजय कुमार, विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक चंद्रशेखर कुमार, अनिल कुमार यादव, शिव कुमार साहू, अर्चना सहित सभी शिक्षकों ने पुष्प कुछ देकर के बच्चों एवं टीम के कोच और पीटीआई सुश्री बालमती यादव, अनीश तिर्की, साहिंद्र पैकरा, का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। बच्चों को मिष्ठान खिलाकर और अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। संस्था की दो छात्रों एवं दो छात्राओं का चयन सीनियर टीम से राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु किया गया है।



### पुलिस हिरासत में मौत की घटना की हो न्यायिक जांच

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर में पुलिस हिरासत में युवक की मौत होने के मामले में कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की है। पार्टी के प्रतिनिधियों ने घटना को मानव अधिकारों का उल्लंघन तथा युवक की मौत बीमारी से होने के दावे को अविश्वसनीय बताया है। युवक अस्वस्थ था तो पुलिस को उसकी चिकित्सीय जांच करानी चाहिए थी। पार्टी प्रतिनिधियों ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से घटना की जांच कराने, दोषी पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई करने एवं पुलिस की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।



## ग्राम डोमहत सेमई में पहली बार हुआ किसी सांसद का आगमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम डोमहत सेमई में आज पहली बार किसी सांसद का आगमन हुआ। एक तरफ जहां कोई नेता इस गांव का सुध भी लेने नहीं आया वही दूसरी तरफ भाजपा नेता अंकुर जायसवाल के निवेदन पर उनके गृह ग्राम डोमहत में सांसद चिंतामणि महराज का आगमन हुआ। पूर्व सरपंच अमर सिंह के यहां बड़ी संख्या में ग्रामीण के बीच बैठक संपन्न हुआ।

सांसद चिंतामणि महाराज का प्रोटोकॉल पूर्व से ही साइकिल वितरण हेतु केवरा एवं और भी जगह के लिए तय हो गया था। बावजूद इसके अपने प्रोटोकॉल में संशोधित कर ग्रामीणों से मिलने गांव में आए। साथ ही ग्रामीण वासियों के बीच कुछ निर्माण एवं विकास कार्य के लिए विशेष चर्चा हुई जिसमें ग्राम पंचायत सेमई में घरहरी नदी में एनीकट बांध निर्माण का सौगात मिला। सांसद ने निर्माण कार्यों का आश्वासन दिया और तत्काल सूरजपुर एरिगेशन एसडीओ से मोबाइल में चर्चा कर सर्वे के लिए निर्देशित किया। पहली बार सांसद को ग्रामीण वासी अपने बीच पाकर बहुत ही खुशी महसूस किए। इस दौरान पूर्व सरपंच अमर सिंह, सरपंच आनंद पैकरा, मायापुर सरपंच कृष्णा पैकरा, चनदोरा सरपंच सदानंद पैकरा, पूर्व सरपंच रामरतन, सीपी जायसवाल, सोन साय धुर्वे, अनिल पैकरा, राजकुमार,पवन साय, कमलेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### चांदनी बिहारपुर शासकीय महाविद्यालय ग्राउंड में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत ओड़गी अंतर्गत चाँदनी बिहारपुर शासकीय महाविद्यालय ग्राउन्ड मे 13 नवंबर को10 बजे जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में समस्त विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहेंगें और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगें। विभाग लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा और पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ेगा, इसके साथ ही क्षेत्रवासी अपनी समस्या व मांग के आधार पर भी आवेदन कर सकता है, जिसे संबंधित विभाग द्वारा निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**प्रतापपुर।** जिला एड्स नियंत्रण समिति तथा टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ के मार्गदर्शन तथा बीएमओ डॉ. अजीत दीवान के नेतृत्व में प्रतापपुर के ग्राम बंशीपुर पंचायत भवन में जिला एवं ब्लॉक टीम द्वारा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के संदेहास्पद मरीजों का एचआईव्ही, टीबी, हेपेटाइटिस बी जांच, बीपी, शुगर एवं यौन जनित रोगों की जांच परामर्श तथा दवाइयां वितरित किया गया। कोयला खदान क्षेत्र के आस-पास निवासरत ग्रामों तथा नगर पंचायत वार्डों में निवासरत लोगों में एचआईव्ही तथा टीबी एवं उससे जुड़े अन्य गंभीर बीमारी की पहचान तथा उसके निदान के संबंध में एक दिवसीय एकीकृत स्वाथ्य शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर मे कुल 174 मरीजों का पंजीयन कराया जिसमें 64 मरीजों का जिले से आए टीम द्वारा पोर्टेबल मशीन से छाती का एक्स रे, 39 मरीजों का खखार सेम्पलिंग, 71 मरीजों का एचआईव्ही, एसटीआई, आरटीआई जांच तथा हेपेटाइटिस एवं सुगर जांच किया गया। साथ ही कुछ पॉजिटिव आए मरीजों को उपचार करते हुए जिले के आईसीटीसी सेंटर बुलाया गया है। स्वास्थ्य शिविर में ग्राम के स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सरपंच एवं सचिव के साथ जिले से आए नोडल अधिकारी डॉ. जेएस सरुता, संजीत सिंह, उमेश गुप्ता, जिला हॉस्पिटल एक्सरे टीम व लैब जांच टीम, आईसीटीसी काउंसलर वंदना जायसवाल, अनिल कुजूर, लैब टेक्नीशियन विक्की गुप्ता तथा ब्लॉक के बीपीएम सतीश श्रीवास्तव, टीबी सुपरवाइजर रामबिलास सिंह, लेप्रा समिति के रितेश गुप्ता, जरही स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी कमलेश सोनी, आकांछा टोप्पो, बंशीपुर के आरएचओ रामप्रताप गुप्ता,पार्वती राजवाड़े तथा सोनगरा से श्याम राजवाड़े एवं मितानिन कार्यक्रम के बीसी पार्वती राजवाड़े, सभी मितानिन एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु प्रस्तावित जनसुनवाई का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल द्वारा मैनपाट तहसील अंतर्गत ग्राम कंडराजा में बॉक्साइट खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 30 नवम्बर को प्रस्तावित लोक सुनवाई का क्षेत्रवासी विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंप जनसुनवाई का विरोध किया है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम कंडराजा सहित नर्मदापुर, झरकट्टा कमलेश्वरपुर आदि का भौगोलिक क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है। मैनपाट में पूर्व में कराए गए बॉक्साइट खनन से पर्यावरण,जल स्त्रोतों एवं जैव विविधता को गंभीर क्षति पहुंची है जिसका अब तक वैज्ञानिक आंकलन नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित जनसुनवाई स्थगित कर विशेष समिति से पूर्व में हुए खनन से पर्यावरणीय क्षति का सर्वेक्षण कराया जाए ग्रामीणों ने खनन हेतु ग्राम सभाओं की वास्तविक सहमति एवं हस्ताक्षरयुक्त रिकॉर्ड को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाए साथ ही आगामी 50 वर्षों के पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन कर स्वतंत्र रिपोर्ट प्रकाशित किया जाए।

### छात्रों को दी गई सुरक्षित निवेश की जानकारी

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में बुधवार को भारत शासन तथा सेबी द्वारा वित्तीय साक्षरता तथा निवेशक जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य वक्ता सुनील कुमार ने छात्रों को सुरक्षित निवेश के बारे में जागरूक करने ऑनलाइन व्याख्यान दिया। उन्होंने मानचित्रों के माध्यम से छात्रों को निवेश तथा निवेश के विभिन्न साधनों के बारे में अवगत कराया। इस दौरान प्राचार्य डा.स्नेहलता श्रीवास्तव प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ.एसएन पाण्डेय, डॉ.उमेश कुमार पाण्डेय, डॉ.दीपक सिंह, विनीत गुप्ता, रश्मि कौर तथा डॉ.आशीष मिश्रा उपस्थित थे।

### लम्बे अर्से से कंपनी बाजार में संचालित हो रही है थोक मण्डी

# सुभाष नगर में थोक सब्जी मंडी तैयार स्थानांतरण के लिए सड़क का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के हृदय स्थल में भारी अव्यवस्था के बीच संचालित थोक सब्जी मंडी को निकट भविष्य में सुभाषनगर में निर्मित नई मण्डी में स्थानांतरित करने की योजना है। ननि द्वारा शहर के सुभाषनगर में थोक सब्जी मंडी का निर्माण कराया गया है। नई मण्डी को प्रारंभ करने के लिए सड़क निर्माण पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है।

**खास बात**
- सबसे पुराने साप्ताहिक बाजार के अस्तित्व पर खतरा

लम्बे अर्से से कलेक्टर बंगला रोड स्थित सरगुजा के सर्वाधिक पुराने कंपनी बाजार में थोक सब्जी मंडी का संचालन किया जा रहा है कंपनी बाजार में हर रविवार को साप्ताहिक बाजार लगता है जिसमें दूर-दूर के ग्रामीण अपनी उपज को बेचने पहुंचते हैं। अब शहर में अलग-अलग स्थानों पर हर दिन बाजार लगता है लेकिन कंपनी बाजार स्थित साप्ताहिक बाजार का अपना अलग स्थान है। थोक सब्जी मंडी का संचालन शुरू होने के बाद साप्ताहिक बाजार की रंगत बदल गई है तथा बाजार भी लगातार सिमटते जा रहा है। सुबह होते ही मंडी में सब्जी लोड वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। इस दौरान अन्य राज्यों के भारी वाहन भी आलू, प्याज लेकर पहुंचते हैं। सब्जी उत्पादक किसानों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के खरीददारों के पहुंचने एवं बेतरतीब ढंग से वाहनों के खड़े होने के कारण मण्डी में प्रायः हर दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। घंटों आवागमन बाधित होने के कारण वार्डवासियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। सब्जी विक्रेता भी सड़क पर अपनी दुकाने लगाकर व्यवस्था को बाधित करते हैं। स्थिति को देखते हुए लम्बे समय से थोक सब्जी मण्डी को शहर के बाहरी हिस्से में स्थानांतरित करने की मांग उठ रही थी। नगर निगम ने इस बड़ी परेशानी का निराकरण करने सुभाषनगर में 328 लाख की लागत से थोक मण्डी का निर्माण कराया है। थोक सब्जी मण्डी बनकर तैयार हो गई है लेकिन अभी मुख्य मार्ग से मण्डी तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। हाल ही में ननि ने मुख्य मार्ग से मंडी तक सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है।

ठेकेदार ने सड़क निर्माण प्रारंभ भी कर दिया है। थोक सब्जी मंडी को नई मंडी में स्थानन्तरित करने के लिए सड़क निर्माण पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। ननि आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य पूरा होते ही थोक सब्जी मंडी को स्थानांतरित किया जाएगा।



नवनिर्मित थोक सब्जी मण्डी।

**जाम से मिलेगी मुक्ति**

शहर में सुबह 9 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक हैं लेकिन शहर की घनी आबादी के बीच थोक व्यवसाय संचालित होने के कारण बड़ी संख्या में भारी वाहन पहुंचते हैं तथा सड़क किनारे खड़े होकर सामानों को अनलोड करते हैं। थोक सब्जी मण्डी में भी इसी तरह की स्थिति निर्मित होती है। इसी तरह की स्थिति खरसिया मार्ग एवं महामाया मार्ग की रहती है। भारी वाहनों के प्रवेश से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। सब्जी मण्डी के नई मंडी में संचालित होने पर भारी वाहनों के प्रवेश में कमी आएगी साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मंडी तक सब्जी परिवहन करने वाले वाहन भी आबादी क्षेत्र में न आकर सीधे मण्डी पहुंचेगी जिससे वाहनों का दबाव कम होगा साथ ही जाम से मुक्ति मिलेगी।

**कंपनी बाजार बनेगा वेंडिंग जोन**

ननि के जनप्रतिनिधियों ने कंपनी बाजार में छोटे व्यवसाइयों के लिए बाजार विकसित करने की योजना बनाई है। योजनान्तर्गत कंपनी बाजार के शेड को हटाकर फल, स्ट्रीट फूड सहित अन्य लघु व्यवसाइयों के लिए अलग-अलग दुकानें बनाई जाएंगी। चार जोन में विभक्त वेंडिग जोन में योजनाबद्ध तरीके से अलग-अलग व्यवसाय के लिए जगह निर्धारित की जाएगी। साथ ही ग्राहकों के बैठने की भी व्यवस्था की जाएगी। वेंडिग जोन बनने से एक नया बाजार विकसित होगा लेकिन साप्ताहिक बाजार का अस्तित्व संकट में पड़ जायेगा हालांकि शासन से अभी वेंडिग जोन निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है।

**सड़क बनते ही स्थानांतरण**

मुख्य मार्ग से थोक सब्जी मंडी तक आवागमन के लिए सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण पूरा होते ही थोक मंडी को स्थानांतरित किया जाएगा।

-श्रीमती मंजूषा भगत
महापौर, ननि

**भेजा गया है प्रस्ताव**

कंपनी बाजार में वेंडिग जोन विकसित करने के संबंध में शासन को 7 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

-डीएन कश्यप
आयुक्त, ननि

# प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी के लिए रोहित का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्वास्तिक केसरी रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ टीम के लिए खेलेंगे
- टैलेंट हंट अकेडमी के दो होनहार क्रिकेट खिलाड़ी ने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दिखाई प्रतिभा की चमक

टैलेंट हंट क्रिकेट अकेडमी के दो होनहार खिलाड़ी रोहित यादव और स्वास्तिक केसरी ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं प्रतिभा की चमक के कारण रोहित यादव का चयन अब प्रतिष्ठित कूच बिहार ट्रॉफी के लिए किया गया है,वहीं, प्लेट ग्रुप के मुकाबलों में दो मैचों में दो अर्धशतक जड़कर स्वास्तिक केसरी ने रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है,। कोच अमित मित्तल ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों की यह सफलता उनके लंबे समय से किए जा रहे कठोर परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। स्वास्तिक केसरी दिनांक 14 नवंबर से कांकेर स्टेडियम में रेस्ट ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से मैदान में उतरेंगे जबकि रोहित यादव सेक्टर-10,भिलाई में कूच बिहार ट्रॉफी के मुकाबलों में नजर आएंगे,गौरतलब है कि नगर के होनहार ऑल राउंडर क्रिकेट खिलाड़ी स्वास्तिक केसरी अब तक खेले गए 9 मैचों में 8 अर्धशतक जड़ चुके हैं और अपनी गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन किया है।अकैडमी के कोच, खिलाड़ियों और समिति सदस्यों ने दोनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं।







# ऑफिसर्स क्लब में में त्रिपक्षीय खान सुरक्षा समिति की बैठक

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को 34 वीं क्षेत्रीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की महत्पूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि डायरेक्ट ऑफ माइंस सेफ्टी रायगढ़ रीजन बीबी सटीयार उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में उपनिदेशक खान सुरक्षा रायगढ़ श्री निवास चीरा ,उपनिदेशक खान सुरक्षा नागपुर जोन यांत्रिक विजय बारा पातरे , अमूर्त राव पुत्तूराजू उपस्थित थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने की।

वर्ष भर में एक बार क्षेत्रीय स्तर पर होने वाले इस बैठक के विषय में बताया गया कि डीजीएमएस की उपस्थिति में प्रबंधन और श्रमिक यूनियन के नामित सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ त्रिपक्षीय बैठक के जरिए खदान में सुरक्षा उपाय को दुरुस्त करने शून्य दुर्घटना के साथ कोयला उत्पादन करने खदानों में सुरक्षा संबंधी खामियों की रिव्यू कर उसमें सुधार करने उक्त बैठक आयोजित की जाती है।बैठक में स्वागत उद्बोधन क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने प्रस्तुत करते हुए शुन्य दुर्घटना लक्ष्य के साथ कोयला उत्पादन करने जोर दिया और कहा कि खदानों में सुरक्षित कोयला उत्पादन करने जो भी सेफ्टी के नियम कानून हैं, उन्हें हम हर स्तर पर पालन करने कराने प्रतिबद्ध हैं हमे खुशी है कि पिछले पांच वर्ष से बिश्रामपुर क्षेत्र में कोई सांघातिक दुर्घटना नहीं हुई है।मुख्य अतिथि डीजीएमएस रायगढ़ रीजन बी बी सटीयार ने अपने उद्बोधन में कहा कि शून्य दुर्घटना का लक्ष्य खदानों में कोयला उत्पादन के लिए आवश्यक है उन्होंने कहा कि यदि हम सुरक्षा नियमों का शत प्रतिशत पालन करेंगे तो दुर्घटना की गुंजाइश न के बराबर रह जाएगी।उन्होंने सभी क्षेत्रीय सुरक्षा समिति के सदस्यों को कहा कि आपके द्वारा सुझाए गए विकल्पों पर कार्य कर हम शून्य दुर्घटना का लक्ष्य हासिल कर सकते है,उन्होंने कहा कि हमलोग नियम कायदे बनाते है कई जगह इसके पालन में कठिनाई भी आती है फिर भी हमारा दायित्व है कि इसका पालन करें,सुरक्षा प्रतिवेदन एरिया सेफ्टी ऑफिसर केएल भील ने प्रस्तुत कर बिश्रामपुर क्षेत्र में वर्ष भर की सेफ्टी एक्टीविटी को प्रस्तुत किया,आभार महाप्रबंधक संचालन जी के रॉय ने व्यक्त किया।बैठक में सभी पांचों यूनियनों के सदस्य इनमोसा,सहित ऑफिसर एसोसिएशन के अमरेंद्र नारायण सिंह क्षेत्र के सभी विभागों के विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

गिरदावरी में रकबा घटने के साथ ही अन्य 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन व आंदोलन किया। इस दौरान उन्होंने मांगों को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। बुधवार को विकासखंड सीतापुर मैनपाट, बतौली के कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारियों, किसानों व पुलिस कस्टडी मरने वाले युवक के परिजन के साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत धरना प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैनपाट में किसानों का पट्टा निरस्त करने के साथ ही उन्हें बेदखली का नोटिस दिया जा रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में एग्रीस्टेक पंजीयन के नाम पर किसानों को दौडाया जा रहा है व त्रुटिपूर्ण गिरदावरी करके किसानों का रकबा घटा दिया गया है जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। सरकार ने बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर दिया जिससे लोगों के बिजली के बिल दो से तीन गुना तक बढकर आ रहे है। सरकार को तत्काल बढे हुए बिल को वापस लेने के साथ ही हाफ बिजली बिल योजना को शुरू करना चाहिए।

- 14 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र में हाथी लगातार किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है और उनके घरों में तोड़फोड़ कर रहे है। हमले में ग्रामीणों की जान जा रही है। सरकार मृतकों को 25 लाख रुपए का मुआवजा प्रदान करे इसके साथ ही जिन ग्रामीणों के घर टूटे है उन्हें है उन्हें तीन कमरे का मकान बनाकर दें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़कों की हालत जर्जर है। पूर्व में स्वीकृति सड़कों के कार्य को निरस्त करर दिया गया। किसानों को पीडीएस से चना नहीं मिल रहा है जिससे लोगों में रोष है। उन्होंने कहा कि पुलिस हिरासत में युवक की मौत के बाद चार दिन हो चुके है लेकिन अब तक युवक का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शासन प्रशासन उनकी मांगों पर परिजन से बात कर समाधान निकाले। इस दौरान डॉ.लाल चंद यादव, तिलक बेहरा, पालू गुप्ता, विनोद साहू, अशोक अग्रवाल, सहित अन्य मौजूद थे।




### धान खरीदी के लिए तुंहर टोकन मोबाईल एप से होगा टोकन जारी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पंजीकृत किसानों को धान खरीदी हेतु टोकन जारी करने तुंहर टोकन मोबाईल एप विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से किसान स्वयं निर्धारित तिथि पर संबंधित खरीदी केंद्र में धान विक्रय हेतु टोकन प्राप्त कर सकते हैं। किसान की जानकारी, भूमि, बैंक खाता, टोकन एवं धान खरीदी संबंधी सभी नवीनतम जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। टोकन सुबह 8 बजे विशेष रूप से तुंहर टोकन मोबाइल एप के माध्यम से जारी किए जाएंगे। सोसायटी संचालक पिछले वर्ष की भांति ही सुबह 9.30 बजे से टोकन जारी करना शुरू कर सकते हैं। टोकन अगले 7 खरीदी दिनों के लिए जारी किए जाएंगे और टोकन में जारी धान की मात्रा डीसीएस, गिरदावरी, पीवी के अनुसार पंजीकृत धान रकबा से कम या बराबर होनी चाहिए। सीमांत किसानों (2 एकड़ तक) के लिए 01 टोकन, लघु किसानों (2 से 10 एकड़ तक) के लिए 02 टोकन एवं दीर्घ किसानों (10 एकड़ से अधिक) को अधिकतम 3 टोकन की अनुमति है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने टोकन बनाते समय ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है। इससे किसान की पहचान सत्यापित होगी और उनकी स्पष्ट सहमति के बिना टोकन जारी होने से रोका जा सकेगा।

# धान खरीदी के लिए ट्रायल रन आज, सभी तैयारियां की गई पूर्ण

**अंबिकापुर।** 15 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूर्ण कर ली है। खरीदी से पहले 13 नवंबर को सभी उपार्जन केंद्रों में खरीदी के लिए ट्रायल रन किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि प्रशासन ने खरीदी के लिए नए खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति कर ली है। बता दें कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु धान खरीदी का काम 15 नवम्बर से शुरू होने वाला है। धान खरीदी के पहले विभिन्न उपार्जन केंद्र प्रभारी व कंप्यूटर ऑपरेटरों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी है जिससे धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना बनी हुई थी। उपार्जन केन्द्रों में किसी भी प्रकार की तैयारी नहीं हो पा रही थी। ऐसे में अब समस्या के समाधान हेतु उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति कर ली गई है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिले के पंजीकृत किसानों से 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2026 तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। धान खरीदी कार्य को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारी पूरी कर ली गई है। वर्तमान में समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी 54 धान उपार्जन केन्द्रों हेतु नवीन धान खरीदी प्रभारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति पूर्ण कर ली गई है। आगामी 13 नवम्बर 2025 को सभी उपार्जन केन्द्रों में ट्रायल रन आयोजित किया जाएगा, ताकि खरीदी प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी या व्यवस्थागत समस्या न हो। जिले में 1 अतिसंवेदनशील एवं 23 संवेदनशील उपार्जन केन्द्र चिन्हांकित किए गए हैं। सुरक्षा एवं निगरानी के दृष्टिकोण से उड़न दस्ता दल तथा निगरानी दलों का गठन भी पूर्ण कर लिया गया है।

- खरीदी प्रभारी और कंप्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्ति

# रामलला दर्शन के लिए रवाना हुए 850 तीर्थयात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत सरगुजा संभाग के 850 श्रद्धालु तीर्थयात्री बुधवार आज अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन में तीर्थयात्रियों की विशेष ट्रेन को लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज व महापौर श्रीमती मंजूषा भगत सहित जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।

- विधायक, महापौर ने दिखाई हरीझंडी

अतिथियों ने तीर्थ यात्रियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया और शुभकामनाएं दी। उप संचालक समाज कल्याण एवं नोडल अधिकारी व्हीके उके ने बताया कि जिले से कुल 170 तीर्थयात्री इस यात्रा में सम्मिलित हैं। इनमें नगर निगम अम्बिकापुर से 30, नगर पंचायत सीतापुर से 7, लखनपुर से 7, जनपद पंचायत अंबिकापुर से 18, लखनपुर से 18, उदयपुर से 18, बतौली से 18, मैनपाट से 18, सीतापुर से 18 तथा लुण्ड्रा से 18 श्रद्धालु शामिल हैं। यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल हेतु जिले से अनुरक्षक दल भी उनके साथ भेजा गया है। जबकि सरगुजा संभाग के सभी जिलों से शासन द्वारा निर्धारित यात्री कोटा में सरगुजा से 170, जशपुर से 204, बलरामपुर-रामानुजगंज से 164, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से 57,कोरिया से 108, सुरजपुर से 147 कुल 850 दर्शानार्थी अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए हैं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, आवास एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह विशेष ट्रेन 15 नवम्बर को वापस अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस अवसर पर नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, पर्यटन अधिकारी आशीष वर्मा, सहित अन्य मौजूद थे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/- ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)